माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2314 /04/प्रशा0/MSU/2022–23 दिनांक: 16/01/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय –प्रदेश–स्तरीय एकेडमिक बैक ऑफ क्रेडिट्स–ABACUS UP पर समस्त सूचनाओं को फीड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में शिक्षा निदेश(उच्च शिक्षा) उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के संलग्न पत्र संख्या–डिग्री अर्थ–1(कम्प्यूटर)/420/2022–23, दिनांक : 07.11.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों से सम्बन्धित समस्त सूचनाऐं ABACUS UP पोर्टल पर दिनांक : 25.11.2022 तक फीड कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–1816/सत्तर–3–2021, दिनांक : 09 अगस्त, 2021 एवं शासनादेश संख्या–1013/सत्तर–3–2022, दिनांक : 19 अप्रैल, 2022 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्या – 522–29/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 26.05.2022, पत्र संख्या–847/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 28.06.2022, पत्र संख्या– 973–78/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 18.07.2022, पत्र संख्या– 1021–28/04/प्रशा0 /MSU/2022–23 दिनांक : 25.07.2022, पत्र संख्या–1160/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक : 11.08.2022, पत्र संख्या–1233/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 24.08.2022, पत्र संख्या– 1666/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 14.10.2022 एवं पत्र संख्या– 1845/04/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक: 10.11.2022 के द्वारा शासनादेश में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण किये जाने की अपेक्षा की गई थी, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा उक्त कार्य को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। **शासन द्वारा उपर्युक्त स्थिति पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये शिक्षण संस्थानों/शिक्षकों/विद्यार्थियों का डाटा अविलम्ब ABACUS UP पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों को उक्त कार्य दिनांक : 25.11.2022 तक पूर्ण कराये जाने के उपरान्त ही सम्बन्धित महाविद्यालयों का वेतन आहरित करने हेतु निर्देशित किया गया था।**

इस सम्बन्ध में शिक्षा निदेश(उच्च शिक्षा), उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के संलग्न पत्र संख्या–डिग्री डिग्री अर्थ–1(कम्प्यूटर)/420/2022–23, दिनांक : 07.11.2022 के अनुपालन में मुझे पुनः यह कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया ABACUS UP पोर्टल http://abacus.upsdc.gov.in पर जाकर ABACUS UP New Registration पर क्लिक करते हुये दिनांक : 20.01.2023 तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरा करना सुनिश्चित करें। पंजीकरण करने के उपरान्त पंजीकरण फार्म डाउनलोड व प्रिंट कर समस्त प्रविष्टियों का सत्यापन करते हुये प्रबन्धक

के हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ सम्बन्धित अनुमोदन पत्र, प्राचार्य/प्रबन्धक/शिक्षक की दशा में अनुमोदन पत्र एवं खाते से(बैंक द्वारा निर्गत) भुगतान का विवरण विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक : 22.01.2023 तक सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात संस्थान से सम्बन्धित आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों एवं छात्रा का डाटा अपलोड करते हुये उक्त प्रक्रिया अनुसार दिनांक : 25.01.2023 तक ABACUS UP पोर्टल पर अपलोड किये गये डाटा की पुष्टि हेतु अभिलेखों सहित विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्तानुसार ABACUS UP पोर्टल पर कार्यवाही करते हुये संगत अभिलेख विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनके द्वारा कृत कार्यवाही का ABACUS UP पोर्टल पर सत्यापन किया जा सके।
02. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
03. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
04. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
05. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ/सहारनपुर।
06. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
07. डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कु0 मायावती राजकीय महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।
08. श्री कमल कृष्ण, सहायक कुलसचिव/नोडल अधिकारी(ABACUS UP), माँ शा0 वि0वि0, सहारनपुर ।
09. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव